

# पालन-पोषण के इंतजाम का प्रबन्ध करने के लिए पारिवारिक कोर्ट के माध्यम से जाना

सैपरेशन (संबंध-विच्छेद) या पारिवारिक स्थिति में बदलाव के बाद, माता-पिता, अभिभावकों और whānau (परिवार और दोस्तों) के लिए बच्चे की देखभाल के बारे में सहमत होना कठिन हो सकता है। हालांकि कोर्ट जाना आमतौर पर अंतिम विकल्प होता है, परंतु कभी-कभी ऐसा करना जरूरी हो सकता है।

अभिभावक एक वयस्क होता है जो एक बच्चे के पालन-पोषण और देखभाल के लिए जिम्मेदार होता है।

# फैमिली कोर्ट में आवेदन देना

जब आप आवेदन करते हैं, तो कोर्ट आपकी स्थिति को ध्यान में रखते हुए और आपके बच्चे के सर्वोत्तम हित में उनके क्या विचार हैं, उसके आधार पर निर्णय लेता है।

**पालन-पोषण की व्यवस्था करते समय आप निम्न के लिए पारिवारिक कोर्ट में आवेदन कर सकते हैं:**

- **एक पेरेन्टिंग ऑर्डर** (पालन- पोषण का आदेश) - यदि आप इस बात पर सहमत नहीं हो सकते कि आपके बच्चे की रोजमर्रा की देखभाल कौन करेगा, या माता-पिता, अभिभावक और whānau आपके बच्चे के साथ कब समय बिताएंगे। आपको आमतौर पर कोर्ट को यह दिखाने की आवश्यकता होगी कि आपने पेरेन्टिंग थ्रू सैपरेशन एंड फैमिली डिस्प्यूट रिजोल्यूशन (संबंध-विच्छेद के दौरान पालन-पोषण और पारिवारिक विवाद समाधान) के माध्यम से पालन-पोषण सेवा का प्रयोग किया है।

- **अभिभावकों के बीच विवाद को निपटाने का आदेश** - यदि आप संरक्षकता के मुद्दे पर सहमत नहीं हो सकते हैं, जैसे कि आपका बच्चा किस स्कूल में जाएगा, मेडिकल ट्रीटमेंट (चिकित्सा उपचार), धर्म, या नाम परिवर्तन। आपको आमतौर पर कोर्ट को यह दिखाने की आवश्यकता होगी कि आपने फैमिली डिस्प्यूट रिजोल्यूशन (पारिवारिक विवाद समाधान) का प्रयोग किया है।

## आवेदन पत्र को पूरा करें

**आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए, आप:**

- **मिनिस्ट्री ऑफ जस्टिस (न्याय मंत्रालय) की वेबसाइट: justice.govt.nz/apply-to-the-family-court से फॉर्म डाउनलोड कर सकते हैं या**
- **मिनिस्ट्री ऑफ जस्टिस (न्याय मंत्रालय) को 0800 224 733 नंबर पर मुफ्त फोन कर सकते हैं**

## आपको सुरक्षित महसूस करने का अधिकार है

**अगर आप या अन्य कोई व्यक्ति असुरक्षित महसूस करते हैं तो आप सहायता प्राप्त कर सकते हैं**

- **अगर आप या अन्य कोई व्यक्ति तत्काल खतरे में है तो 111 पर फोन करें**
- **justice.govt.nz/family-violence वेबसाइट पर जाएं**
- **areyouokay.org.nz वेबसाइट पर जाएं**
- **'Are You OK (आर यू ओ के)' को 0800 456 45 नंबर पर मुफ्त फोन करें।**

## अरजेंट (बहुत जरूरी) आवेदन करना

आप सीधा फैमिली कोर्ट से अपनी स्थिति पर विचार करने के लिए कह सकते हैं।

यह तब हो सकता है जब:

- आपकी, बच्चे की या उस स्थिति में शामिल अन्य व्यक्तियों की व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरा है
- आपको, बच्चे को या उस स्थिति में शामिल अन्य व्यक्तियों को गंभीर चोट या अनुचित कठिनाई का खतरा है, या
- बच्चे को आपकी अनुमति के बिना आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड से बाहर ले जाया जा रहा है।

आवेदन करने के लिए, आपको 'पेरेंटिंग ऑर्डर (पालन-पोषण का आदेश)' या 'अभिभावकों के बीच मतभेद को सुलझाने का आदेश' आवेदन पत्र को पूरा करना होगा और 'विदाउट नोटिस (बिना सूचना के)' पर सही का निशान लगाना होगा। आप एक अरजेंट आवेदन करने से पहले एक वकील से बात करने के बारे में विचार कर सकते हैं।

आपके आवेदन करने के बाद, फ़ैमिली कोर्ट अगले कामकाजी दिन तक किसी नतीजे के साथ आपसे संपर्क करेगा।

## यदि कोर्ट के आदेश का पालन नहीं होता है

अगर कोई कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करता है तो यह गंभीर मामला होता है। अगर ऐसा करना सुरक्षित है, तो फैमिली कोर्ट आमतौर पर यह देखना पसंद करता है कि आपने अदालत में आवेदन करने से पहले इसमें शामिल लोगों के साथ मिलकर समाधान खोजने की कोशिश की है। आप उस व्यक्ति से बात करने की कोशिश कर सकते हैं जो कोर्ट के आदेश का पालन नहीं कर रहा है। हो सकता है कि वे किसी कारणवश इसका पालन नहीं कर रहे हैं। फैमिली डिस्प्यूट रिज़ोल्यूशन (पारिवारिक विवाद समाधान) मध्यस्थता सेवा या पेरेंटिंग थ्रू सैपरेशन (संबंध-विच्छेद के दौरान पालन-पोषण) कोर्स में जाना सहायक हो सकता है।

### कोर्ट द्वारा कार्रवाई करना

अगर उस व्यक्ति से बात करना सुरक्षित नहीं है या बात करने से मदद नहीं मिलती है, तो आप कार्रवाई करने के लिए पारिवारिक कोर्ट में आवेदन कर सकते हैं।

**अगर कोर्ट को लगता है कि कोई अदालत के आदेश के मुताबिक काम नहीं कर रहा है, तो वह:**

- **उन्हें चेतावनी दे सकता है**
- **कोर्ट के आदेश में बदलाव कर सकता है**
- **कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करने वाले व्यक्ति को कोर्ट को बांड का भुगतान करने, या आवेदन करने वाले व्यक्ति को मुआवजा देने का आदेश दे सकता है।**

अंतिम उपाय के रूप में, कोर्ट देखभाल या संपर्क को लागू करने के लिए वारंट जारी कर सकता है। ऐसा तब होता है जब कोई आपको 'पेरेंटिंग ऑर्डर' (पालन- पोषण का आदेश) में दी गई रोजमर्रा की देखभाल या संपर्क करने के काम में रुकावट डाल रहा हो रहा हो।

इसमें किसी के द्वारा बच्चे को आपके पास से लेकर जाना और वापस आपके पास लौटाना शामिल है। यह पुलिस, एक सामाजिक कार्यकर्ता या कोई और हो सकता है। अगर कोई बच्चे को ले कर जाने से रोकने की कोशिश करता है, तो उचित बल का प्रयोग किया जा सकता है। यह बच्चे को परेशान कर सकता है और केवल तभी विचार किया जाना चाहिए जब कुछ और काम न करे।

## कोर्ट के आदेश को बदलना या रद्द करना

यदि आपके हालात बदल जाते हैं तो आप अपने कोर्ट के आदेश को बदलने या रद्द करने के लिए पारिवारिक कोर्ट में आवेदन कर सकते हैं। कोर्ट यह देखना चाहेगा कि क्या आदेश बदलने का कोई अच्छा कारण है, उदाहरण के लिए, आप या आपका एक्स-पार्टनर (पूर्व-साथी) किसी दूसरे शहर में रहने के लिए जा रहे हैं।

यदि आपको लगता है कि अब यह आपके बच्चे के सर्वोत्तम हित में नहीं है, तो आप कोर्ट के आदेश को रद्द करने के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। अगर कोर्ट का आदेश दो साल से कम पुराना है, तो इससे पहले कि आप इसे बदलने या रद्द करने के लिए आवेदन करें, आपको आमतौर पर जज की अनुमति लेनी होगी। आपका वकील या कोर्ट कर्मचारी इसमें आपकी मदद कर सकते हैं।

### आप किसी भी समय कानूनी सलाह ले सकते हैं।

जब आप सैपरेशन या पारिवारिक हालातों में बदलाव पर काम कर रहे हों तो वकील से बात करना सहायक हो सकता है। यदि आप सुनिश्चित नहीं हैं कि कहां से शुरू करें, तो अपने स्थानीय कम्युनिटी लॉ सैंटर (सामुदायिक कानून केंद्र) या **communitylaw.org.nz** पर जाएं।



# सहायता कहां से प्राप्त करें

## आपके समुदाय में

पालन-पोषण के इंतजामों की व्यवस्था करते समय kaiāirahi (पारिवारिक न्यायालय संचालक),फैमिली कोर्ट संयोजक और कोर्ट कर्मचारी आपका मार्गदर्शन कर सकते है, पर आपको कानूनी सलाह नहीं दे सकते।

Kaiāirahi आपको आपके इलाके में सामुदायिक सहायता सेवाओं से भी जोड़ सकते हैं।

**संपर्क करें:**

- **अपने स्थानीय कोर्ट में जाएँ**
- **kaiarahi@justice.govt.nz को ईमेल करें**
- **मिनिस्ट्री ऑफ जस्टिस (न्याय मंत्रालय) को 0800 224 733 नंबर पर मुफ्त फोन करें**

## आपकी मदद करने के लिए संस्थाएं

### सिटीजन्स एडवाइस ब्यूरो (नागरिक सलाह केंद्र)

वे आपके अधिकारों को समझने और फॉर्म भरने में आपकी मदद करते हैं।

- **0800 367 222 पर मुफ्त फोन करें**
- **cab.org.nz वेबसाइट पर जाएं**

### कम्युनिटी लॉ सैंटर (सामुदायिक न्याय केन्द्र)

वे आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में लोगों के लिए मुफ़्त, गोपनीय आमने-सामने कानूनी सहायता प्रदान करते हैं।

**communitylaw.org.nz पर जाएं**

### फैमिली सर्विसिज़ डायरेक्टरी (परिवार सेवा निर्देशिका)

उनके पास सहायता सेवाओं की एक सूची है जो आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में whānau (परिवार और मित्रों) की मदद करती है। इन सेवाओं में हाउसिंग (आवास) से लेकर काउंसलिंग (परामर्श) तक शामिल हैं।

- **मुफ्त फोन 0800 211 211**
- **familyservices.govt.nz/directory/ वेबसाइट पर जाएं**

### सीसीएस डिसेबिलिटी एक्शन (सीसीएस विकलांगता कार्रवाई)

वे विकलांग लोगों और उनके whānau (परिवार और दोस्तों) को जानकारी और सहायता प्रदान करते हैं।

**संपर्क करें:**

- **मुफ्त फोन 0800 227 200**
- **ईमेल info@ccsDisabilityAction.org.nz**

### मिनिस्ट्री फॉर एथनिक कम्युनिटीज़ (जातीय समुदायों के लिए मंत्रालय)

उनके पास जातीय समुदायों की सहायता के लिए धार्मिक संगठनों सहित सहायता सेवाओं की एक सूची है।

- **मुफ्त फोन 0800 656 656**
- **ethniccommunities.govt.nz वेबसाइट पर जाएं**

### काउंसलिंग (परामर्श सेवा)

मानसिक स्वास्थ्य, या अन्य व्यक्तिगत मुद्दों पर पेशेवर समर्थन के लिए संपर्क करें:

- **Need to Talk (नीड टू टॉक) –1737 पर मुफ्त फोन या टैक्स्ट करें या 1737.org.nz पर जाएं**
- **Lifeline (लाईफलाईन) – मुफ्त फोन 0800 543 354 या 4357 पर टैक्स्ट करें**
- **Skylight (स्काइलाईट) – मुफ्त फोन 0800 299 100 करें या skylight.org.nz वेबसाइट पर जाएं**

### बच्चों और युवा लोगों के लिए

- **What's Up (व्हाट्स अप) – मुफ्त फोन 0800 942 8787**
- **यूथलाईन – 0800 376 633 पर मुफ्त फोन करें या 234 पर टैक्स्ट करें**

### अगर आप असुरक्षित महसूस करते हैं

- **areyouok.org.nz वेबसाइट पर जाएं**
- **'Are You OK (आर यू ओ के)' को 0800 456 450 नंबर पर मुफ्त फोन करें।**

MINISTRY OF JUSTICE
*Tāhū o te Ture*

## अधिक जानकारी के लिए

- **justice.govt.nz/care-of-children वेबसाइट पर जाएं**
- **मिनिस्ट्री ऑफ जस्टिस (न्याय मंत्रालय) को 0800 224 733 नंबर पर मुफ्त फोन करें**